समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा फैसला : भारत को 38,000 करोड़ रुपये का झटका, मेटल एक्सपोर्ट पर मंडराया खतरा।

Publisher

Published on 31 May 2025



## अमेरिका ने स्टील-एल्यूमिनियम पर टैरिफ 50% किया, GTRI की रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा।

**नई दिल्ली :** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** के एक ताजा फैसले से **भारत के मेटल सेक्टर** को बड़ा झटका लग सकता है। उन्होंने **स्टील और एल्यूमिनियम आयात पर टैरिफ** को **25% से बढ़ाकर 50%** कर दिया है। **ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (GTRI)** की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इस निर्णय से भारत के **4.56 बिलियन डॉलर (करीब ₹38,000 करोड़)** के **मेटल एक्सपोर्ट** पर खतरा मंडरा रहा है।

**क्या है पूरा मामला ?**
१. **30 मई 2025** को, डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिका अब **स्टील और एल्यूमिनियम के आयात पर 50% टैरिफ लगाएगा**।
२.यह नया नियम **4 जून 2025 से लागू होगा**।
३. ट्रंप ने इसे "**राष्ट्रीय सुरक्षा**" से जोड़ते हुए '**अमेरिका फर्स्ट नीति**' का हिस्सा बताया।

**भारत पर क्या होगा असर ?**
वित्त वर्ष 2025 में भारत ने अमेरिका को निम्नलिखित मेटल उत्पाद एक्सपोर्ट किए:

| **उत्पाद** | **एक्सपोर्ट वैल्यू (USD)** |
|---|---|

| | |
|---|---|
| आयरन और स्टील | $587.5 मिलियन |
| लोहे या स्टील से बना सामान | $3.1 बिलियन |
| एल्यूमिनियम और संबंधित उत्पाद | $860 मिलियन |
| **कुल** | **$4.56 बिलियन (~₹38,000 करोड़)** |

अब जब इन उत्पादों पर अमेरिका में **50% टैक्स** लगेगा, तो **भारतीय सामान महंगे** हो जाएंगे और **भारतीय कंपनियों की प्रतिस्पर्धा** कम हो सकती है।

**भारत सरकार की प्रतिक्रिया**

भारत ने ट्रंप के इस फैसले की जानकारी **विश्व व्यापार संगठन (WTO)** को दी है।
**सरकार संभावित जवाबी कदमों** की तैयारी कर रही है।

**GTRI की रिपोर्ट मे क्या कहा गया ?**

१. यह फैसला न सिर्फ **व्यापार बल्कि पर्यावरण** को भी नुकसान पहुंचा सकता है।
२. **स्टील और एल्यूमिनियम उत्पादन** से भारी मात्रा में **कार्बन उत्सर्जन** होता है।
३. दुनिया जहां **ग्रीन टेक्नोलॉजी** की ओर बढ़ रही है, वहीं ट्रंप के फैसले में **पर्यावरणीय सोच की कमी** दिखती है।

**ट्रंप की रणनीति क्या है**?

१. विशेषज्ञों के अनुसार, यह निर्णय ट्रंप की **इकोनॉमिक नेशनलिज्म (अमेरिका फर्स्ट) नीति** का हिस्सा है।
२. इससे **अमेरिकी घरेलू उद्योगों** को फायदा हो सकता है।
३. लेकिन यह फैसला **वैश्विक व्यापार और जलवायु** लक्ष्यों के लिए चिंता का विषय है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.